केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
17, राऊज एवेन्यू, नई दिल्ली-110002

सं0 स.शि.अ.(पी)/शैक्षा/निबंध प्रतियोगिता/2011 दिनांक:28.11.2011
परिपत्र सं0 83

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रधान

विषय : ''संसदीय लोकतंत्रः सुशासन का प्रवेश द्वार'' विषय पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ (रा.स.स.) के शतवर्ष पर रा.स.स. की भारत शाखा तथा भारतीय संसदीय समूह (भा.स.स.) द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से देश में सभी राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों के सी.बी.एस.ई. से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा IX से XII तक की कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए ''संसदीय लोकतंत्रः सुशासन का प्रवेशद्वार'' विषय पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ उन राष्ट्रमण्डल संसदों का संघ है जो लिंग, जाति, धर्म अथवा संस्कृति का विचार किए बिना आपसी अभिरूचि, विधि सम्मत नियमों, व्यक्तिक अधिकारों व स्वतंत्रता के प्रति आदर तथा संसदीय लोकतंत्र के सकारात्मक आदर्शों के अनुसरण द्वारा संगठित हैं। भारतीय संसदीय समूह का वर्ष 1949 में एक स्वायत्त निकाय के रूप में गठन हुआ व लोक सभा के अध्यक्ष (स्पीकर) इसके पदेन अध्यक्ष माने गए। संसदीय सदस्य इस समूह की सदस्यता ले सकते हैं जबकि भूतपूर्व सदस्य इसके सह-सदस्य बन सकते हैं।

- उक्त निबंध प्रतियोगिता विद्यालयों में <u>दिसम्बर, 2011 के प्रथम/द्वितीय</u> सप्ताह में आयोजित की जाएगी।
- प्रविष्टियों का मूल्यांकन विद्यालयों में किया जाए व प्रथम तीन स्थान (I, II, III) अर्जित करने वाली प्रविष्टियां संबधित (आपके) के.मा.शि.बो., क्षेत्रीय कार्यालय में 15.12.2011 तक आगे जमा करने हेतु भेज दी जाएं।
- प्रविष्टियां कक्षा IX से XII तक में अध्ययनरत सभी विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए आमंत्रित हैं।
- निबंध हिंदी या अंग्रेजी या क्षेत्रीय भाषा में लिखा जाए और यह लगभग 1500 शब्दों में होना चाहिए।
- निबंध सफेद लाइन 805''X11'' कागज (ए-4 आकार) पर एक ओर दोहरे अंतराल से हस्तलेख में स्वच्छता से लिखा जाए। यह विद्यार्थी का अपना मूल कार्य हो व विद्यालय के प्राचार्य से प्रमाणित किया गया हो।
- पुरस्कार जीतने वाले निबंधों के चयन का मापदण्ड शोध, परिशुद्धता, सृजनात्मकता, संक्षिप्तता, व्यवस्था, वर्तनी, व्याकरण, विषय के तार्किक परिवर्धन तथा आलोचनात्मक/सृजनात्मक विवेचना पर आधारित होगा।
- सभी पुरस्कृत प्रविष्टियां लोक सभा सचिवालय की संपत्ति बन जाएंगी।
- प्रति विद्यार्थी मात्र एक प्रविष्टि स्वीकार की जाए; प्रति विद्यालय स्तर पर प्रविष्टियों की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी।
- वह विद्यार्थी निबंध प्रतियोगिता के लिए पात्र नहीं होगें जिनके माता-पिता लोक सभा/राज्य सभा सचिवालयों में कार्यरत हैं ।

कृपया उपर्युक्त सूचना सभी संबंधित विद्यालयों व विद्यार्थियों में तत्काल प्रसारित की जाए।

भवदीय,

(एम. नागराजू)
निदेशक (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि :– नीचे निर्दिष्ट किये गये संबंधित निदेशालयों/केवीएस/एनवीएस/सीटीएसए के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के सभी संबंधित विद्यालयों को सूचना का प्रसार करने के अनुरोध के साथ प्रेषित :–

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इन्स्टिट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016 ।
2. निदेशक, नवोदय विद्यालय समिति, ए–28, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली ।
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054
4. निदेशक, जन अनुदेशन (विद्यालय), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सचिवालय सेक्टर–9, चण्डीगढ़–160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
6. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111
7. शिक्षा निदेशक, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर –744101
8. सचिव, केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ई एस एस ई एस एस प्लाजा, कम्यूनिटी सेंटर 3, रोहिणी, दिल्ली –110085
9. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को उनके संबंधित क्षेत्र में बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजने के अनुरोध के साथ ।
10. सीबीएसई के शैक्षिक शाखा के शिक्षा अधिकारी ।
11. सीबीएसई के सभी सहायक शिक्षा अधिकारीगण।
12. पुस्तकालय तथा सूचना अधिकारी, सीबीएसई ।
13. अध्यक्ष, सीबीएसई के कार्यकारी अधिकारी
14. परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई के व्यक्तिक सहायक
15. सचिव, सीबीएसई के व्यक्तिक सहायक
16. विभागाध्यक्ष (एडूसेट) के व्यक्तिक सहायक
17. विभागाध्यक्ष (एआईईईई) के व्यक्तिक सहायक
18. जन सम्पर्क अधिकारी, सीबीएसई ।
19. संयुक्त सचिव (आईटी) को इस परिपत्र को सीबीएसई की वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ ।
20. सचिव, ए डब्ल्यू ई एस. सेना मुख्यालय, एडजूटेंट जनरल ब्रांच, सी डब्ल्यू–4, आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी, वेस्ट ब्लाक 0.3, आर के पुरम, नई दिल्ली –110022

निदेशक (शैक्षणिक)